आकाशवाणी शिमला

05.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सहायता

केन्द्र सरकार ने विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम के तहत राज्यों के लिए 25 हजार करोड़ रूपए की मुख्य सहायता राशि जारी की है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ये राशि जारी की। उन्होंने कहा कि इस पहली किश्त का उद्देश्य राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाना है ताकि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जा सके।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि विकसित भारत जी–राम–जी योजना के तहत मजदूरी दरों में औसतन करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि नई ड्रेनेज नीति के तहत सड़क निर्माण में आधुनिक जल निकासी व्यवस्था अपनाई जाएगी। इसके तहत बड़े कलवर्टों का निर्माण किया जाएगा ताकि बरसात के दौरान सड़कों को नुकसान न हो। शिमला जिले के कुमारसैन में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार जनसेवा, सुशासन और समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में कुमारसैन क्षेत्र के लिए 8 सम्पर्क सड़कें स्वीकृत की गई हैं।

मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा जो 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लेने पर ध्यान दिया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि भगवान बुद्ध की करूणा, मध्यम मार्ग और अहिंसा की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। वे आज कांगड़ा जिले में बैजनाथ के ताशीजौंग में बौद्ध ज्ञान परम्परा से जुड़े विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरा विश्व हिंसा, युद्ध, पर्यावरणीय संकट और नैतिक मूल्यों के क्षरण जैसी गम्भीर चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो चुकी हैं।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने पार्टी के अग्रणी संगठनों व विभागों से अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का आहवान किया है। शिमला में आज कांग्रेस से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि संगठनों व विभागों के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। रजनी पाटिल ने पदाधिकारियों से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने और आपसी तालमेल से कार्य करने पर भी बल दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भी इस दौरान मौजूद रहे।

माकपा

माकपा ने सरकारी विभागों में की जा रही भर्ती की नीतियों व नियमों में बदलाव का कड़ा विरोध किया है। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि सरकार जॉब ट्रेनी, मल्टी टास्क वर्कर, पार्ट टाईम, अंशकालिक, ठेका और आउटसोर्स आधार पर काफी कम वेतन या मानदेय पर भर्ती कर रही है जिसमें भविष्य में रोजगार की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की इन नीतियों से युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा है और युवा पीढ़ी बेरोजगारी के कारण गलत कदम उठाने को मजबूर है।

सिरमौर–भाजपा

सिरमौर जिला भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान आज पांवटा साहिब में सम्पन्न हो गया। समापन अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप ने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया और उम्मीद जताई कि ये कार्यकर्ता बूथ स्तर तक भाजपा की विचारधारा को पहुंचाएंगे। कांग्रेस सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता से कई बड़े वायदे किए थे लेकिन साढ़े तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश वायदे पूरे नहीं हुए हैं।

भाजपा

दूसरी ओर भाजपा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा वर्ष 2027 के चुनावों को लेकर किए जा रहे दावों को केवल राजनीतिक बयानजाबी करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा और सोशल मीडिया पर दोषारोपण कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में भाजपा समर्थित उम्मीवारों को मिले जनसमर्थन से स्पष्ट है कि जनता कांग्रेस की कार्यशैली से निराश है।

—————————————